# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in




# HR AWARDS & ACCOLADES









**ET HUMAN CAPITAL AWARDS**

- HR Leader of the Year – Large Scale Organization
- Excellence in Business Continuity Planning & Management
- Most Valuable Employer during COVID 19

**MARKSMEN DAILY AWARDS**

- Most Preferred Workplace 2023-24

**GREENTECH HR AWARDS 2023**

- Transformative HR Practices Award
- Employee Engagement Award
- Learning & Development Award
- Compensation & Benefits Award

# भारतीय स्टेट बैंक में अनुबंध आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2023-24/22

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 16.09.2023 से 06.10.2023 तक

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पद पर अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों.
3. **उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि अपलोड करने की आवश्यकता है. ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.**
4. चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. **बुलावा (लेटर/सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.**
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. **इस कार्यालय को** आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.

**क. पद/रिक्तियाँ/उम्र/पारिश्रमिक/तैनाती का स्थान/नियोजन की प्रकृति/चयन प्रक्रिया का विवरण:**

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियाँ | | | आयु (31.03.2023 को) | | सीटीसी रेंज (भारतीय रुपये में) | तैनाती का स्थान# | अनुबंध अवधि$ | नियोजन की प्रकृति और तुलनीय वेतनमान | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | कुल | पीडब्ल्यूबीडी^ वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | | | | |
| 1 | विशेषज्ञ (हरित वित्त) | 01 | 01 | 01 | 25 वर्ष | 35 वर्ष | 26 लाख रुपए से 30 लाख रुपए | कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई | 3 वर्ष | अनुबंध पर (MMGS-III) | शॉर्टलिस्टिंग और परस्पर संवाद के बाद सीटीसी वार्ता |
| 2 | विशेषज्ञ (ईएसजी वित्त) | 01 | 01 | 01 | | | | | | | |
| 3 | विशेषज्ञ (नवीकरणीय ऊर्जा) | 01 | 01 | 01 | | | | | | | |

**संक्षेपाक्षर: यूआर –** अनारक्षित श्रेणी; **पीडब्ल्यूबीडी –** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई –** दृष्टि बाधित; **MMGS-III -** मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–तीन;

**^आरक्षण क्षैतिज है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.**

**# बैंक के पास भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में या सेवा के आधार पर अपने किसी भी सहयोगी/सहायक कंपनी या किसी अन्य संगठन में नियुक्त करने या स्थानांतरित करने का अधिकार सुरक्षित है.**

**$ अनुबंध अवधि 3 वर्ष की है, जिसे बैंक के विवेकाधिकार पर 1 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है.** अनुबंध किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए किसी भी पक्ष से तीन महीने का नोटिस देकर या उसके एवज में एक महीने की मुआवजा राशि के भुगतान/अभ्यर्पण पर समाप्त की जा सकती है.

**महत्वपूर्ण बिंदु:**

i) ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.

ii) उम्मीदवार के पास निर्दिष्ट तिथि को प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए.

iii) नियोक्ता से प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को उस संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव प्राप्त है.

iv) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

v) विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.

vi) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

vii) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण क्षैतिज है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.

**ख. योग्यता, अनुभव, कौशल, कार्य प्रोफाइल और मुख्य दायित्व क्षेत्र के विवरण:**

## 1. पद: विशेषज्ञ (हरित वित्त)

| | |
|---|---|
| **योग्यता (31.03.2023 तक)** | **मूल योग्यता:** सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित किसी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग/बी.ई. पर्यावरण इंजीनियरिंग में डिग्री.<br>या<br>सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित किसी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से पर्यावरण से संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री जैसे पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/पृथ्वी एवं जलवायु विज्ञान/ऊर्जा प्रौद्योगिकी/जलवायु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम. एससी. / एम. टेक. /स्नातकोत्तर.<br><br>**अन्य योग्यता:**<br>उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास जलवायु अनुकूलन/जलवायु शमन क्षेत्रों में डिग्री या विशेषज्ञता या अनुभव है. |
| **अनुभव (31.03.2023 तक)** | – पर्यावरण और संबंधित क्षेत्र में परियोजनाओं को संभालने के क्षेत्र में योग्यता के बाद न्यूनतम 36 महीने का अनुभव / विभिन्न क्षेत्रों विशेष रूप से बिजली / इस्पात / सीमेंट क्षेत्र के तहत विभिन्न जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों और ईएसजी जोखिम प्रबंधन की समझ.<br>– किसी वित्तीय संस्थान/बैंक/रेटिंग कंपनी में काम करना एक अतिरिक्त लाभ हो सकता है. |
| **अनिवार्य कौशल** | – उम्मीदवार के पास मजबूत लिखित और संप्रेषण कौशल होना चाहिए. वित्तीय विवरणों और अनुपातों की अच्छी समझ.<br>– उम्मीदवार के पास समस्या सुलझाने की अभिरुचि, अच्छी टीम सहभागिता और सभी हितधारकों के साथ नेटवर्क बनाने की क्षमता होनी चाहिए.<br>– जीएचजी प्रभाव और ईएसजी जोखिम प्रबंधन के साथ-साथ मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट तैयार करने के संदर्भ में पोर्टफोलियो की निगरानी में टीम की सहायता करना.<br><br>उम्मीदवार को स्व-प्रेरित होना चाहिए और प्रतिस्पर्धी समय सीमा का प्रबंधन करने की क्षमता होनी चाहिए. उम्मीदवार को बैंकिंग क्षेत्र पर लागू सांविधिक दिशानिर्देशों की स्पष्ट समझ होनी चाहिए. |
| **विशिष्ट कौशल** | ✓ वित्तीय अनुपात और बैंकिंग प्रणाली का ज्ञान होना चाहिए.<br>✓ सौर, पवन, बायोगैस, हाइड्रो और आने वाली प्रौद्योगिकियों पर ध्यान देने के साथ बिजली और उपयोगिता क्षेत्र की समझ होनी चाहिए.<br>✓ वित्तीय मॉडल बनाने सहित मजबूत विश्लेषणात्मक कौशल होना चाहिए.<br>✓ विश्व बैंक समूह पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशानिर्देशों (EHSGs) में पहचाने गए पर्यावरणीय जोखिमों और प्रभावों की समझ होनी चाहिए.<br>✓ सामाजिक जोखिमों और प्रभावों के साथ कार्य करने का अनुभव. |
| **कार्य प्रोफाइल** | ✓ संभाले जा रहे उत्पादों/परियोजनाओं के प्रदर्शन की निगरानी करना, उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं को ट्रैक करना और जलवायु वित्त के तहत प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बैंक के लिए प्रासंगिक समाधान तलाशना.<br>✓ हरित पोर्टफोलियो को बढ़ाने और हरित वर्गीकरण के अनुसार पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) और जलवायु वित्त के क्षेत्र में बैंक की लाभप्रदता को अधिकतम करने की दृष्टि से नए उत्पाद/नीतियां विकसित करना और मौजूदा उत्पादों/नीतियों की समीक्षा/संशोधन करना.<br>✓ जागरूकता बढ़ाने के लिए हरित व्यापार लक्ष्यों और प्रचार गतिविधियों की रणनीति बनाना और उन्हें लागू करना.<br>✓ जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रवृत्तियों की निगरानी करना और रिपोर्ट/रणनीतियां तैयार करना.<br>✓ विनियामक ऋण संबंधी दिशानिर्देशों/मुद्दों को संभालना और उन्हें कार्यान्वयन के चरण तक आगे ले जाना.<br>✓ नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता या विद्युत गतिशीलता सहित जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन में परिसंपत्ति टीम को तकनीकी सलाह प्रदान करना.<br>✓ जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों के ग्रीन हाउस गैस के प्रभाव मूल्यांकन करना.<br>✓ विश्लेषण और निर्णयकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए जलवायु प्रौद्योगिकियों से संबंधित प्रमुख बाज़ार डेटा एकत्र करना. |
| **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआए)** | ✓ नवीकरणीय ऊर्जा के तहत नीति का प्रबंधन करना, नए उत्पादों को डिजाइन करना और डिजाइन से लेकर विकास और लॉन्च तक की प्रक्रियाओं की पेशकश करना.<br>✓ बैंक की आवश्यकता के अनुसार वित्तीय मॉडल बनाना और उसे बनाए रखना और प्रस्तुतियों की व्यवस्था करना.<br>✓ बैंक और प्रतिस्पर्धियों के हरित वित्त क्षेत्र के तहत प्रदर्शन पर नज़र रखना.<br>✓ क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं पर नज़र रखना और बैंक के मिशन को प्राप्त करने के लिए रणनीति बनान.<br>✓ ऊर्जा क्षेत्र के डेटा और प्रदर्शन का विश्लेषण करना और संक्रमण वित्त पर रिपोर्ट तैयार करना.<br>✓ हितधारकों की चुनौतियों की पहचान करना और उन्हें कार्यात्मक और प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं में परिवर्तित करना.<br>✓ अन्य विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ संपर्क करना.<br>✓ ऊपर उल्लिखित गतिविधियां केवल निर्देशात्मक हैं और विशेषज्ञ (हरित वित्त) समय-समय पर मुख्य महा प्रबंधक, सीएफयू द्वारा निर्देशित सभी गतिविधियों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है. |

## 2. पद: विशेषज्ञ (ईएसजी वित्त)

| | |
|---|---|
| योग्यता<br>(31.03.2023 तक) | **मूल योग्यता:** पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) में अनुभव के साथ सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित संस्थानों से बी.ई./बी. टेक. इंजीनियरिंग डिग्री.<br>या<br>सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित किसी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से पर्यावरण से संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री जैसे पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/पृथ्वी एवं जलवायु विज्ञान/ऊर्जा प्रौद्योगिकी/जलवायु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम. एससी. / एम. टेक. /स्नातकोत्तर.<br><br>**अन्य योग्यता:**<br>– मान्यता प्राप्त संस्थानों से पर्यावरण विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री या संबंधित प्रमाणन रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी.<br>– पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) से संबंधित कार्य और रिपोर्टिंग में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| अनुभव<br>(31.03.2023 तक) | – पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) से संबंधित कार्रवाई और रिपोर्टिंग/जीएचजी लेखांकन सिद्धांतों/पद्धतियों, विभिन्न जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों के तकनीकी जोखिम मूल्यांकन, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन रिपोर्टिंग, पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) रेटिंग ईएसजी परामर्श, परियोजनाओं/जोखिम प्रबंधन के लिए पर्यावरण और सामाजिक समुचित सावधानी (ईएसडीडी) का संचालन करने मके क्षेत्र में योग्यता के बाद न्यूनतम 36 महीने का अनुभव.<br>– विकास/कार्यात्मक टीमों के साथ सीधे काम करने का अनुभव. |
| अनिवार्य कौशल | ✓ उम्मीदवार के पास मजबूत लिखित और संप्रेषण कौशल होना चाहिए. वित्तीय विवरणों और अनुपातों की अच्छी समझ.<br>✓ उम्मीदवार को पर्यावरण मानकों और प्रथाओं और चुनौतियों की समझ होनी चाहिए.<br>✓ उम्मीदवार के पास समस्या सुलझाने की अभिरुचि, अच्छी टीम सहभागिता और सभी हितधारकों के साथ नेटवर्क बनाने की क्षमता होनी चाहिए.<br>✓ उम्मीदवार को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल, पावर प्वाइंट, वर्ड, आउटलुक और सामान्य कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए.<br>✓ उम्मीदवार को स्व–प्रेरित होना चाहिए और प्रतिस्पर्धी समय सीमा का प्रबंधन करने की क्षमता होनी चाहिए. उम्मीदवार को बैंकिंग क्षेत्र पर लागू सांविधिक दिशानिर्देशों की स्पष्ट समझ होनी चाहिए. |
| विशिष्ट कौशल | ✓ विभिन्न बेंचमार्क सूचकांकों और ईएसजी रिपोर्टिंग मानक (जीआरआई, यूएनएसडीसी, एसबीटीआई आदि) का ज्ञान और समझ और डेटा का विश्लेषण करने और सुधार योजना की सिफारिश करने की क्षमता में दक्षता को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| कार्य प्रोफाइल | ✓ ईएसजी आवश्यकता के लिए मासिक, आवधिक निष्पादन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना.<br>✓ डेटा के विश्लेषण के बाद रेटिंग में सुधार के लिए उपचारात्मक योजना तैयार करना.<br>✓ बीआरएसआर, सीडीपी, डीजेएसआई, वार्षिक स्थिरता रिपोर्टिंग के विरुद्ध रिपोर्ट किए गए सभी अंतरालों को मिलाना और उनका पता लगाना.<br>✓ विनियामकों और सांविधिक निकायों द्वारा नई नीतियां और निर्देश तैयार करना.<br>✓ ईएसजी प्रदर्शन, अंतराल, चुनौतियों और उपायों और कार्य योजना पर मासिक, त्रैमासिक, वार्षिक रूप से ट्रैक करना और उसे प्रबंधन को प्रस्तुत करना.<br>✓ ईएसजी से संबंधित मामलों के लिए सभी आवश्यक एसओपी, मैनुअल, ई–परिपत्र, ई–पाठ की निगरानी, ट्रैकिंग और व्यवस्थित करना. |
| मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआए) | ✓ स्थिरता जनादेश पर देश की रणनीति के अनुरूप दीर्घकालिक योजना बनाना.<br>✓ ईएसजी पर सलाह प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी संचालित समाधान प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ संपर्क करना.<br>✓ उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रतिस्पर्धियों की नवीन पेशकशों पर नज़र रखना और तदनुसार रणनीति तैयार करना और प्रस्तुत करना.<br>✓ ईएसजी साझेदार के साथ काम करने वाली सभी रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के लिए व्यापक डेटा संकलन टेम्पलेट बनाना.<br>✓ टेम्प्लेट पर डेटा एकत्र करना और ईएसजी के क्षेत्र में उद्योगों/गतिविधियों में महत्वपूर्ण विकास को ट्रैक करना और निगरानी करना और उन्हें प्रदर्शित करना.<br>✓ ईएसजी से संबंधित प्रकटनों के लिए लेखापरीक्षा का प्रबंधन और नेतृत्व करना.<br>✓ ईएसजी और जलवायु वित्त से संबंधित विभिन्न मुद्दों को संभालना और निर्धारित समयसीमा के भीतर लकीर से हटकर समाधान पेश करना.<br>✓ बीआरएसआर, सीडीपी, डीजेएसआई, वार्षिक स्थिरता रिपोर्टिंग के लिए ईएसजी से संबंधित सभी कार्यों और रिपोर्टिंग आवश्यकता को संचालित करना.<br>✓ ईएसजी ढांचे, रेटिंग और रिपोर्टिंग में सुधार के लिए रणनीति तैयार करना.<br>✓ ऊपर उल्लिखित गतिविधियां केवल निर्देशात्मक हैं और विशेषज्ञ (ईएसजी वित्त) समय–समय पर वर्टिकल प्रमुख द्वारा निर्देशित सभी गतिविधियों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है. |

## 3. पद: विशेषज्ञ (नवीकरणीय ऊर्जा)

| | |
|---|---|
| योग्यता<br>(31.03.2023 तक) | **मूल योग्यता:** सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित किसी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग/बी.ई. पर्यावरण इंजीनियरिंग में डिग्री.<br>या<br>सरकारी निकाय/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित किसी भारतीय संस्थान से पर्यावरण से संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री जैसे पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/पृथ्वी एवं जलवायु विज्ञान/ऊर्जा प्रौद्योगिकी/जलवायु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम. एससी. / एम. टेक. /स्नातकोत्तर.<br>**अन्य योग्यता:**<br>✓ उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास नवीकरणीय ऊर्जा में डिग्री या विशेषज्ञता है या जिनके पास नवीकरणीय ऊर्जा/ऊर्जा दक्षता/विद्युत गतिशीलता में अनुभव है. |

| | |
|---|---|
| **अनुभव (31.03.2023 तक)** | – नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र (सौर, पवन, पनबिजली, बायोगैस, अपशिष्ट से ऊर्जा) के क्षेत्र में योग्यता के बाद न्यूनतम 36 महीने का अनुभव.<br>– किसी वित्तीय संस्थान/बैंक/रेटिंग कंपनी में काम करना एक अतिरिक्त लाभ हो सकता है. |
| **अनिवार्य कौशल** | ✓ उम्मीदवार के पास मजबूत लिखित और संप्रेषण कौशल होना चाहिए. वित्तीय विवरणों और अनुपातों की त्रुटिहीन समझ.<br>✓ जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों का जीएचजी प्रभाव मूल्यांकन करना.<br>✓ उम्मीदवार के पास समस्या सुलझाने की अभिरुचि, अच्छी टीम सहभागीता और सभी हितधारकों के साथ नेटवर्क बनाने की क्षमता होनी चाहिए.<br>✓ ग्रीन हाउस गैस प्रभाव और ईएसजी जोखिम प्रबंधन के संदर्भ में पोर्टफोलियो की निगरानी के साथ-साथ मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट तैयार करने में टीम की सहायता करना.<br>✓ उम्मीदवार को स्व-प्रेरित होना चाहिए और प्रतिस्पर्धी समय सीमा का प्रबंधन करने की क्षमता होनी चाहिए. उम्मीदवार को बैंकिंग क्षेत्र पर लागू सांविधिक दिशानिर्देशों की स्पष्ट समझ होनी चाहिए. |
| **विशिष्ट कौशल** | ✓ सौर, पवन, बायोगैस, हाइड्रो और आने वाली प्रौद्योगिकियों पर ध्यान देने के साथ बिजली और उपयोगिता क्षेत्र की समझ होनी चाहिए.<br>✓ वित्तीय मॉडल बनाने सहित मजबूत विश्लेषणात्मक कौशल होना चाहिए.<br>✓ विश्व बैंक समूह पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशानिर्देशों (EHSGs) में पहचाने गए पर्यावरणीय जोखिमों और प्रभावों की समझ होनी चाहिए.<br>✓ सामाजिक जोखिम और प्रभाव. |
| **कार्य प्रोफाइल** | ✓ संभाले जा रहे उत्पादों/परियोजनाओं के प्रदर्शन की निगरानी करना, उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं को ट्रैक करना और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के तहत प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बैंक के लिए प्रासंगिक समाधान तलाशना.<br>✓ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ ईएसजी और जलवायु वित्त के क्षेत्र में ग्रीन पोर्टफोलियो को बढ़ाने और बैंक की लाभप्रदता को अधिकतम करने की दृष्टि से नए उत्पाद/नीतियां विकसित करना और मौजूदा उत्पादों/नीतियों की समीक्षा/संशोधन करना.<br>✓ व्यावसायिक और प्रचार गतिविधियों की रणनीति बनाना और उन्हें लागू करना.<br>✓ नियामकों और वैधानिक निकायों की सलाह के अनुसार नई नीतियां और निर्देश तैयार करना.<br>✓ जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रवृत्तियों की निगरानी करना और रिपोर्ट/रणनीतियां तैयार करना.<br>✓ विनियामक ऋण संबंधी दिशानिर्देशों/मुद्दों को संभालना और उन्हें कार्यान्वयन के चरण तक आगे ले जाना.<br>✓ उत्पादों के सुचारू और समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों (आंतरिक और बाहरी) के भीतर संपर्क स्थापित करना. |
| **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआए)** | ✓ हितधारकों की चुनौतियों की पहचान करना और उन्हें कार्यात्मक और प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं में परिवर्तित करना.<br>✓ डिजाइन से लेकर विकास और लॉन्च तक नवीकरणीय ऊर्जा नीति, उत्पादों और प्रक्रियाओं की पेशकश का सुझाव देना और तैयार करना.<br>✓ नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता या विद्युत गतिशीलता सहित जलवायु शमन प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन में परिसंपत्ति टीम को तकनीकी सलाह प्रदान करना.<br>✓ विश्लेषण और निर्णयकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए जलवायु प्रौद्योगिकियों से संबंधित प्रमुख बाज़ार डेटा एकत्र करना.<br>✓ उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रतिस्पर्धियों की नवीन पेशकशों पर नज़र रखना.<br>✓ बैंक के पोर्टफोलियो, उद्योगों/गतिविधियों जिनमें उधारकर्ता परिचालन करते हैं/जिनमें उनकी रुचि है, में महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को पता लगाना और उनकी निगरानी करना.<br>✓ ऋण के वितरण या प्रशासन से संबंधित कोई अन्य कार्य/गतिविधि, व्यापार या प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं से और मुख्य महाप्रबंधक (सीएफयू) के निर्देशों के तहत उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकृति के अन्य विशिष्ट कार्य.<br>✓ ऊपर उल्लिखित गतिविधियां केवल निर्देशात्मक हैं और विशेषज्ञ (नवीकरणीय ऊर्जा) समय-समय पर विभाग प्रमुख द्वारा निर्देशित सभी गतिविधियों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है. |

**टिप्पणियाँ:** ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफाइल निदर्शी है. उपरोक्त पदों के अतिरिक्त बैंक द्वारा समय-समय पर अन्य भूमिका/कार्य भी सौंपे जा सकते हैं.

**ग. पारिश्रमिक:**

वार्षिक सीटीसी, जिस पर बातचीत की जा सकती है, वर्तमान रोजगार और पोस्टिंग के स्थान पर उम्मीदवारों के अनुभव और वर्तमान परिलब्धियों पर निर्भर करेगा. सीटीसी में 70% नियत और 30% परिवर्ती वेतन होता है. सीटीसी में वार्षिक वृद्धि पहली, दूसरी और तीसरी वार्षिक वृद्धि के समक्ष क्रमश: 5%, 6.5% और 7% होगी.

**परिवर्ती वेतन:** संविदात्मक अधिकारी प्रासंगिक अवधि के प्रदर्शन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के पात्र होंगे. मूल्यांकन को 31 मार्च और 30 सितंबर को छमाही अंतराल पर भी संकलित किया जाएगा. परिवर्ती वेतन का भुगतान केवल पूर्ण छमाही के लिए किया जाएगा.

**संविदात्मक अधिकारी के कार्य-निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी:**

| कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में अंक | देय परिवर्ती मुआवजे का प्रतिशत |
|---|---|
| 99 से 100% | 100% |
| 97 से 98.99 % | 90% |
| 94 से 96.99% | 80% |
| 90 से 93.99% | 70% |
| 90% से नीचे | शून्य |

**घ. छुट्टी:** संविदात्मक अधिकारी एक वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिनों की छुट्टी के हकदार होंगे जो बैंक द्वारा वास्तविक और उचित कारणों से दी जाएगी. छुट्टी की गणना के प्रयोजन के लिए, बीच के रविवार/छुट्टियों को शामिल नहीं किया जाएगा.

**ङ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:** साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**च. चयन प्रक्रिया:** चयन शॉर्टलिस्टिंग, परस्पर संवाद /साक्षात्कार पर आधारित होगा. इसके बाद सीटीसी वार्ता होगी.

- **शॉर्टलिस्टिंग:** न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.** शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
- **साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.
- **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर ऐसे उम्मीदवारों की रैंक उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में होगी.
- **सीटीसी बातचीत:** साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची के क्रम में उम्मीदवारों के साथ सीटीसी बातचीत एक–एक करके की जाएगी.

**छ. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों की **सक्रिय ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

| ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश: | शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश: |
|---|---|
| i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.<br>ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.<br>iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.<br>iv. **ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.** | i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.<br>ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.<br>iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.<br>iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले.<br>v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.<br>vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.<br>vii. **भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.** |

**ज. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. विस्तृत जीवनवृत्त (पीडीएफ)
ii. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणन (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
v. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
vii. फॉर्म–16/प्रस्ताव पत्र/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
viii. एनओसी (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
ix. नवीनतम फोटोग्राफ
x. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.
iv. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेजी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों. (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**झ. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियोजन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार का नियोजन बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह का नियोजन बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू थे.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियोजन प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी उम्मीदवारों को, जिन्हें चयनित सूची के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में सबसे लघुतर मार्ग से **2 टियर ट्रेन किराया** यात्रा की लागत या वास्तविक यात्रा की लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. यदि साक्षात्कार से पहले दस्तावेजों के सत्यापन के समय किसी उम्मीदवार को पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. स्थानीय वाहन जैसे टैक्सी/कैब/निजी वाहन व्यय/किराया देय नहीं होगा.

xvii. **बैंक किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

xviii. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियोजन से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे "CONTACT US/post your query" लिंक के ज़रिए लिखें,
जो बैंक की वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers)** पर उपलब्ध है.

**मुंबई**
**दिनांक: 16.09.2023**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा.**
**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी और पीएम)**